मासिक पत्रिका

# युवा भारत

मई 2021 | हिंदुस्तान की युवा तस्वीर | e-पत्रिका



Published By:
YOUTH TIMES NEWS

# संपादक संदेश...



## बादल चौधरी

(मुख्य संपादक एवं संस्थापक- यूथ टाइम्स न्यूज चैनल)

प्रिय पाठक,

"युवा भारत पत्रिका" एक ऐसा मंच है जो भारत के प्रत्येक युवा को अपनी सृजनात्मकता और जागरूकता प्रदर्शित करने का अवसर देता है।

एक सजग युवा देश के उत्थान में कई कदम उठा सकता है। अपने कर्तव्य का सदा सच्चाई और अच्छाई के साथ निर्वाहन करने मात्र से ही देश के प्रति हमारा कर्तव्य सफल हो जाता है।

आप भी इस पत्रिका के माध्यम से अपनी कविताएँ, लेख, चित्रकला आदि, किसी भी प्रकार का जागरूकता फैलाने वाला या प्रेरित करने वाला अंश लोगों तक पहुँचा सकते है और देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपना योगदान दे सकते हैं।

धन्यवाद

अपनी कविताएँ, लेख, चित्रकला आदि पत्रिका में छपवाने हेतु:
ईमेल करें: news.youthtimes@gmail.com,व्हाट्सप्प करें: 9760260952

# संपादकीय

## राजनीति

भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और इस कारण विभिन्न राजनैतिक दलों का पालनहार भी। अब जाहिर सी बात है- राजनैतिक दल है तो राजनीति भी है। परंतु एक कटु सत्य यह है की यही राजनीति आज देश की जनता की लाचारी का कारण भी है।

राजनैतिक दल कोई भी हो लेकिन मुश्किल घड़ी में राजनीति करने से बाज नहीं आता। कभी सत्ता की गलती निकाली जाती है तो कभी विपक्ष की लेकिन बीच में शिकार बन जाती है जनता क्योंकि हमारे नेता तो दिन रात बेचारे यही सोच सोच कर पागल हो जाते हैं की देश आगे कैसे बढ़े, आखिर चिंता बहुत है उन्हें।

जब तक राजनैतिक दल "जनता को लाचार" करने वाली राजनीति का त्याग नहीं करेंगे तब तक लाचारी जारी रहेगी।

-बादल चौधरी

# माता-पिता

## भूल गए..

जिसकी उंगली पकड़ - पकड़ कर हमने अपनी मंजिल को पा लिया,

आज मंजिल पा ली तो उन उँगलियों के सहारे को भूल गए।

जिसके आँचल की छाव में हमे जन्नत का एहसास होता था,

आज जन्नत मिल गयी तो उस सूने आँचल को भूल गए।

जिसके हाथो के बिना कभी एक निवाला रोटी का न खाया,

आज खुद खाने लग गए तो उन हाथो के प्यार को भूल गए।

जिसके कंधो पर बैठ कर हम आसमान छू लिया करते थे,

आज आसमान छू लिया तो उस कंधे के साहस को भूल गए।

तुम्हारी हर समस्या में वो तुम्हारे साथ खड़े थे,

आज समस्या उन पर आई तो तुम साथ खड़ा होना भूल गए।

जब हम छोटे थे तो अपने माता पिता से खर्ची लेते थे,

आज खुद कमाने लग गए तो उस खर्ची का ब्याज लौटाना भूल गए।


वास्तव में , जिन्होंने हमे जन्म दिया और
पाल पौस कर बड़ा किया,
आज हम बड़े हो गए तो उन प्यारे माँ
बाप को ही भूल गए।

उन प्यारे मा बाप को ही भूल गए ।।



- गौरव  गुलाटी

(हरियाणा)



# मसीहा..

## चौ. महेंद्र सिंह टिकैत पुण्यतिथि विशेष

जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसान उत्थान में लगा दिया, किसानों को उनका हक दिला दिया वो और कोई नहीं बल्कि चौ. महेंद्र सिंह टिकैत जी ही थे। 15 मई 2011 को स्वर्गवास हो गया लेकिन देश के हर किसान में अपनी छाप छोड़ गए।

जो किसान पहले किसी अधिकारी के सामने अपनी परेशानी जाहिर करने से हिचकिचाता था, आज टिकैत जी की बदौलत वो अपना हक माँगता है। टिकैत जी की एक हुंकार से सरकार हिल जाती थी, यहाँ तक की प्रधानमंत्री को भी उनके गाँव- सिसौली में आना पड़ा था।

अपना तन, मन, धन सब कुछ न्योछावर किया और बन गए मसीहा जो न कभी भुलाए गए, न कभी भुलाए जाएंगे।



# *प्रतिभा की खोज..*

"युवा भारत पत्रिका" के माध्यम से प्रतिभाशील युवाओं की खोज के लिए "यूथ टाइम्स न्यूज चैनल" लाया है विशेष **निबंध लेखन प्रतियोगिता: प्रतिभा की खोज**।

मई 2021 **विषय**:

## "नारी सशक्तिकरण"

सबसे अच्छे तीन निबंधो को "युवा भारत पत्रिका" में प्रतिभागी के नाम और फोटो के साथ छापा जाएगा एवं e-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

नियम:

- निबंध ईमेल द्वारा हमारी ईमेल पर ही भेजे जाने चाहिए।
- शब्द सीमा- 1000 शब्द
- एक प्रतिभागी से केवल एक ही निबंध मान्य होगा।
- निबंध के साथ अपना नाम, पता, मोबाईल न., पासपोर्ट साइज़ फोटो, एवं निबंध की मोलिकता की शपथ भी साथ में अटैच करे।
- "युवा भारत पत्रिका" का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।
- हमारी ईमेल है: news.youthtimes@gmail.com
- अंतिम तिथि: 30 मई 2021

# युवा भारत

------------------------ युवा भारत मासिक पत्रिका ----------------------

Published By:

Youth Times News Channel

Address: B-276/1, St. No. 4-B, Durgapuri Extn.,
Shahdara, Delhi- 110093
Website: https://newsyouthtimes.wixsite.com/channel
Email: news.youthtimes@gmail.com
Whatsapp: 9760260952
(Copyright- Youth Times News Channel)
प्रतिएक माह की पत्रिका अविलंब पाने के लिए हमारी मेल पर संपर्क करें